प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में एटिक प्रबंधन समिति की पांचवीं बैठक आयोजित

पन्तनगर। 11 मई, 2024। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा कुलपति सभागार में 14 वर्षों के बाद आज एटिक प्रबंधन समिति की पांचवीं बैठक कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में निदेशक एवं कुलपति, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल डा. धीर सिंह तथा निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा डा. लक्ष्मीकान्त विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय में कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र (एटिक) की स्थापना 26 अगस्त, 2001 को हुई थी जिसका उद्देश्य एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से कृषकों को कृषि से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी तथा बीज एवं अन्य तकनीकों को उपलब्ध कराना था।

कुलपति डा. चौहान द्वारा एटिक के उद्देश्यों की महत्ता को देखते हुए इसको सुदृढ़ करने का सुझाव दिया जिससे कि विश्वविद्यालय की विभिन्न महाविद्यालयों के वैज्ञानिकों द्वारा किये जा रहे शोध से प्राप्त परिणामों का किसानों को पूरा–पूरा लाभ मिल सके। उनके द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय के दोनों ही मुख्य द्वारों पर एटिक के संदर्भ में सूचना प्रदर्शित की जाए जिससे कि उत्तराखण्ड राज्य एवं विभिन्न प्रदेशों से आने वाले कृषकों को वैज्ञानिक तकनीक एवं अन्य उपादानों को प्राप्त करने में उनको किसी प्रकार की कठिनाई न हो और यदि उनकी कोई समस्या है तो संबंधित वैज्ञानिक द्वारा उसका निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर डा. धीर सिंह एवं डा. लक्ष्मीकान्त द्वारा भी एटिक के सुदृढ़ीकरण एवं इसके कार्यकलापों को और प्रभावी बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये।

बैठक के प्रारम्भ में निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा द्वारा सभी का स्वागत किया गया और संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डा. संजय चौधरी द्वारा एटिक की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गयी और डा. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक, प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, एफपीओ के प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

एटिक की प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार